सार-समाचार

दो पक्षों में विवाद में एक की मौत

कपासन, (निसं)। कपासन के धमाणा गांव में दो पक्षों में विवाद के चलते हुई चाकूबाजी में एक व्यक्ति की मौत हो गई। जबकि दो घायल हो गए। राजसमंद जिले के गांव गिलुंड के युवाओं के दो गुटों के बीच किसी बात को लेकर विवाद चल रहा था। दोनों गुट गांव धमाणा में आकर भिड़ गए। जहां बीच बचाव में आए व्यक्ति की मौत हो गई। जबकि मृतक का बेटा और एक अन्य घायल हो गया। मृतक का शव भूपालसागर रखने पर पर मृतक के समाज के लोगों ने शव कपासन लाने और मुआवजा दिलवाने की मांग की।जानकारी के अनुसार राजसमंद के गांव गिलुंड के युवाओं के दो गुट में पहले से कोई विवाद चल रहा था। जिसमें से एक गुट का युवक गांव धमाणा किसी काम से आया जहां रज्जाक के बेटे यासीन (21) से मिला। इसी दौरान गिलुंड से आए युवाओं ने पहले से आए युवक से विवाद कर मारपीट पर उतर आए। इस दौरान यासीन ने बीच बचाव किया। झगड़ में युवक शिवलाल घायल हो गया। इसके बाद वापस गांव के अस्पताल के बाहर इनमें झगड़ा और मारपीट शुरू हो गई। जहां गिलुंड से आए युवाओं ने यासीन के साथ मारपीट शुरू कर दी। इसी दौरान यासीन के पिता कपासन से वहां पहुंचे और अपने बेटे को बचाने गए। जहां एक पक्ष ने उनके गले और पीठ में चाकू से वार कर दिया। जिससे उनकी मौत हो गई। जबकि उनका बेटा घायल हो गया। इधर पुलिस बेहोश रज्जाक को उदयपुर के लिए रवाना किया। जिसने भूपालसागर के पास दम तोड़ दिया। पुलिस ने रज्जाक का शव भूपालसागर अस्पताल में रखवा दिया। इसके बाद मृतक के समाज के लोग भूपालसागर अस्पताल पहुंचे और आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग के साथ मुआवजे की मांग की। इसके साथ ही उन्होंने शव को कपासन अस्पताल में रखने की मांग की। इस दौरान मौके पर तहसीलदार और एसडीएम विनोद कुमार चौधरी, भुपालसागर थाना अधिकारी भगवती लाल पालीवाल और नायब तहसीलदार राकेश नामधर मौजूद थे। मृतक रज्जाक एक ट्रेवल कंपनी में ड्राइवर का काम करता था। पुलिस विवाद और मामले की जांच में जुट गई है।

शव दफनाने वाला पुत्र गिरफ्तार

उदयपुर,(कासं)। पिता की हत्या कर लाश को दफमाने के मामले में पुलिस ने आरोपी पुत्र को गिरफ्तार किया। प्रकरण के अनुसार 31 जनवरी 2023 को प्रमिला पत्नी बाबूलाल निवासी ऋषभदेव फला चौराया ऋषभदेव ने अपने भाई खरबर ब निवासी रामलाल पुत्र नवलराम के खिलाफ अपने पिता नवलराम की हत्या कर लाश को मकान के पास स्थित जमीन में गाड देने की रिपोर्ट दी। इस पर परसाद थानाधिकारी परमेश्वर पाटीदार की सूचना पर एसडीएम सराड़ा श्रवण जोशी, थानाधिकारी मय जाप्ता ने मौके पर पहुंच कर गड्ढा खोद कर मृतक नवलराम (68)रूपाजी की लाश को बाहर निकाल मेडिकल बोर्ड से पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सौंप दिया। प्रारंभिक अनुसंधान में पता चला कि रामलाल को अपनी पत्नी पर पिता निगाह होने की आशंका थी। इसी के चलते आवेश में आकर 7 दिसंबर को रामलाल ने अपने पिता नवलराम के साथ मारपीट कर दी थी। इस दौरान गंभीर घायल होने पर रामलाल ने अपने पिता को उपचार के लिए शहर के निजी चिकित्सालय में भर्ती करवाया था। जहां से 9 जनवरी को छुट्टी होने पर रामलाल अपने पिता को घर ले आया। जहां दूसरे दिन 10 जनवरी को पिता की मौत होने पर उसने मकान के पास स्थित जमीन में गड्ढा खोद कर पिता को गाड दिया था। इस मामले में थानाधिकारी परमेश्वरा पाटीदार मय टीम ने आरोपी मृतक के पुत्र रामलाल पुत्र नवलराम निवासी खरबर को गिरफ्तार कर जेल भिजवाया।

सूने मकान से जेवरात चोरी

उदयपुर, (कासं)। शहीर के प्रतापनगर थाना क्षैत्र में स्थित सूने मकान का चोर ताला तोड़ कर सोने चांदी के जेवरात चुराले गए। पीडित मीरा नगर केब्रीज सकूल के पास रेबारियों का गुडा नरेन्द्रसिंह पुत्र मोहब्बतसिंह राठौड ने प्रतापनगर पुलिस थाने में प्रकरण दर्ज करवया। कि26 जनवरी को मकान पर ताला लगा कर परिवार सहित बडे बैटे के पास भीलवाड़ा गया था। 2 फरवरी को लौटा तो मकानका ताला टूटा हुआ एवं कमरों में सामान बिखरा पड़ा था। पडताल की तो चांदी के पांच सिक्के, ब्रासलेट, दो नारियाल, दो नारियल चांदी के सोने की पालिश युक्त, चार जोड़ी चांदी के पायजेब, एक जोडी सेने के पायजेब, सोने की चेन, कान के टॉप्स, टीवी गायब थी। इस पर पुलिस को सूचना कर प्रकरण दर्ज करवाया।

मंदिर से नकदी चोरी

उदयपुर, (कासं)। शहर के प्रतापनगर थाना क्षैत्र में स्थित मंदिर से चोर नकदी व सामान चुरा ले गए। पीडित मण्डप मावली हॉल श्रीराम कॉलोनी में स्थित शिव मंदिर की दान पेटी का 27 जनवरी रात में अज्ञात चोर ताला तोड़ कर नकदी, तथा मौके पर रखा तोबे लोटै, त्रिशूल, दीपक, टोकर व अन्य सामान चुरा ले गए। दूसरे दिन इसका पता चलने पर पडताल की लेकिन कोई सुराग नहीं लगा। इस पर पुलिस को सूचना कर प्रकरण दर्ज करवाया। कार चोरी:- शहर के अम्बामाता थाना पुलिस ने जवाडिया भीम हॉल आशपुरा रेस्टोरंट हरिदासजी की मगरी निवासी दिलिपसिंह पुत्र मोहनसिंह रावत की रिपोर्ट पर अज्ञात चोर के खिलाफ अठ्वाल फार्म हाउस के पास पालडी स्थित निकिल रेस्टोरेंट के बाहर से कार चुरा ले जाने का मामला दर्ज किया।

सामान चुराने वाली दो महिला पकड़ी

उदयपुर, (कासं)। डबोक हाइवे किनारे लगे लोहे के सामान चोरी करने के मामले में दो महिलाओं को पुलिस ने गिरफ्तार किया। पीडित खोखर वास वल्लभनगरनिवासी चांदमल अहिर पुत्र डालचंद ने डबोक पुलिस थाने में प्रकरण दर्ज करावाया। कि 3 फरवरी रात में अज्ञात चोर भूतपुरा से डबोक के बीच हाइवे किनारे लगे लोहे की रैलिंग व अन्य सामान चुरा ले गए। इस मामल में प्रकरण दर्ज होने पर एएसआई लक्ष्मणसिंह मय टीम ने अनुसंधान में मिले साक्ष्यों के आधार पर बाठेडा की सराय निवासी सीता पत्नी दिनेश तथा काजल पत्नी फतहलाल को गिरफ्तार किया। जिनसे पूछताछ की जा रही है।

रघुवीर सिंह मीणा जन्मदिन मनाया

उदयपुर, (कासं)। पूर्व सांसद व सीडब्ल्यूसी सदस्य रघुवीर सिंह मीणा का जन्मदिन मनाया गया। देहात जिला काँग्रेस सेवादल की तरफ से पदाधिकारियों ने रघुवीर मीणा से केक कटवा, साफा पहना श्रीनाथजी की तस्वीर भेंट की। इस अवसर पर देहात जिला कांग्रेस सेवादल अध्यक्ष मोहब्बत सिंह राणावत, हिरणमगरी ब्लॉक अध्यक्ष नरेन्द्र पानेरी, देहात जिला कांग्रेस अध्यक्ष लाल सिंह झाला, गिर्वा ब्लॉक अध्यक्ष कृष्णा मीणा, झाड़ोल ब्लॉक अध्यक्ष भगवती लाल, देहात महासचिव कुबेर मीणा, देहात सचिव रमेश, विधानसभा अध्यक्ष महेंद्र पटेल, देहात सचिव रोशन वढेरा, मांगीलाल वडेरा, अमृत लाल पारगी, शिव डामोर सहित कई काँग्रेसजन उपस्थित रहे।

पेसिफिक मेडिकल विश्वविद्यालय का दीक्षान्त समारोह आयोजित

उदयपुर, (कासं)। पेसिफिक मेडिकल विश्वविधालय का दीक्षांत समारोह शनिवार को विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित हुआ। कुलाधिपति राहुल अग्रवाल एवं मुख्य अतिथि उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश न्यायमूर्ति जितेन्द्र कुमार माहेश्वरी ने 40 विधार्थीयों को स्वर्ण, रजत एवं कांस्य पदको सहित और 700 छात्र एवं छात्राओं को डिग्रियों का वितरण किया।

■ 27को स्वर्ण पदक व 700 छात्र एवं छात्राओं को मिली उपाधियां

पेसिफिक मेडिकल विश्वविधालय के दीक्षान्त समारोह में कुलाधिपति राहुल अग्रवाल (बाये से तीसरे), उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश न्यायमूर्ति जितेन्द्र कुमार माहेश्वरी (बाये से चौथे) आदि मौजूद रहे।

दीक्षांत समारोह की शुरुआत कुलाधिपति राहुल अग्रवाल के नेतृत्व में सभी डीन डायरेक्टर एवं विभाग अध्यक्षों का अकादमिक प्रोसेशन निकालने से हुं। इसके बाद विश्वविधालय परिसर में मेडल एवं डिग्रियों का वितरण किया गया। इस अवसर पर कुलाधिपति राहुल अग्रवाल ने कहा कि पेसिफिक मडिकल विश्वविधालय के शिक्षकों से मेरी अपेक्षा है कि वे पहले स्वयं में आत्मसात करें फिर अपना ज्ञान विद्यार्थियों को बांटे साथ ही विज्ञान और तकनीक के इस युग में सूचना प्रौद्योगिकी का अधिक से अधिक इस्तेमाल करे जिससे विधार्थीयों को हर दिन कुछ नया सीखने को मिले।

अग्रवाल नें कहा कि हमें ऐसे शैक्षिक मॉडल तैयार करने होंगे जो न शिक्षा नीति की प्राथमिकताओं को पूरा करें।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश जितेन्द्र कुमार माहेश्वरी ने कहा कि चिकित्सक को हमेशा खुश रहना चाहिए क्यों कि चिकित्सक की मुस्कान गंभीर से गंभीर बीमारी के मरीज को बीमारी से लड़ने की शक्ति देता है। इसलिए हमेशा चिकित्सक को किसी भी स्थिति में मरीज का जीवन को बचाने के लिए अपना सौ फीसदी योगदान देंना चाहिए,क्यो कि डॉक्टर को भगवान के रूप में माना गया।

इस दौरान विशिष्ठ अतिथि यूनेस्को के एशिया पेसिफिक क्षेत्रीय शांति व सतत् विकासार्थ महात्मा गांधी संस्थान के अध्यक्ष प्रो. भगवती प्रकाश शर्मा ने पेसिफिक विश्वविद्यालय समूह द्वारा, भावी पीढ़ी के चिकित्सा अनुसंधानों की आवश्यकता पर बल देते हुए बताया कि पेसिफिक विश्वविद्यालय समूह दीर्घकालिक मल्टीसेन्ट्रिक अनुसंधानों की दिशा में आगे बढ़ रहा है। इसके उत्तरप्रदेश के गवर्नमेंट लिए इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज और यथार्थ चिकित्सालय समूह के साथ अनुबंध पत्र हस्ताक्षरित किए जा चुके हैं। महाराष्ट्र व गुजरात के मेडिकल संस्थानों साथ साझे अनुसंधान के लिए भी बातचीत जारी है।

पेसिफिक मेडिकल विश्वविद्यालय के भावी अनुसंधानों की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए प्रोफेसर शर्मा ने बताया कि साझे अनुसंधानों के इन अनुबंधों के अन्तर्गत पेसिफिक मेडिकल विश्वविद्यालय अन्य लम्बी अवधि के चिकित्सा अनुसंधान करेगा इन अनुसंधानों के अन्तर्गत विश्वविद्यालय खाद्य आनुवांशिकी एवं रोग जनन" जैसे उमरते विषयों और मालिक्यूलर मेडिसिन, जोनोमिक्स व जिनोमिक इंजिनियरिंग जैसे विषयों पर साझे अनुसंधान करेगा। प्रो.शर्मा नयी पीढ़ी की रोग निदान तकनीकों व चिकित्सा संबंधी अनुसंधानों को बढ़ावा दिये जाने पर ही भारत चिकित्सा विज्ञान में अपना अग्रणी स्थान बना सकेगा।

पिम्स हॉस्पिटल में समय पूर्व जन्मे बच्चों का सफल उपचार

उदयपुर, (कासं)। पेसिफिक इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज (पिम्स) हॉस्पिटल, उमरड़ा में चिकित्सकों ने समय पूर्व जन्मे बच्चों का सफल उपचार किया है।

पिम्स हॉस्पिटल के चैयरमेन आशीष अग्रवाल ने बताया कि डॉ. अंकित कुमार पंचाल के नेतृत्व में 6-7वें महिने में पैदा हुए नवजात शिशुओं को सफलतापूर्वक घर भेजा जा रहा है। दोनो नवजात शिशुओं का वजन 800 ग्राम के आसपास था। समय पूर्व पैदा हुए नवजात शिशुओं का मान्य वजन और मान्य माह तक पहुंचाना एक जटिल और लम्बा श्रम रहता है। इनमें इंफेक्षन और दूध ना पचना मुख्य बाधाए डालते है। साथ में फेफडें का परिपक्व ना होना भी एक बडी बाधा है। यह सब होने के बावजूद दोनों बच्चों को पिम्स हॉस्पिटल, उमरड़ा एनआईसीयू विभाग घर पर भेजने के लिए बिना कोई मोरबिडीटी के सक्षम रहा।

आशीष अग्रवाल ने बताया कि बच्चों का भामाशाह, चिरंजीवी योजना के तहत नि:शुल्क उपचार किया गया है। दोनो नवजात शिशु अभी स्वस्थ है। इस कार्य में पीड्रियाट्रिक विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. विवेक पाराशर, डॉ. राहुल खत्री, डॉ. प्राज्ञी टींगरा, डॉ. अतंरिक्ष वर्मा, पीड्रियाट्रिक रेजिडेन्ट डॉ. उज्ज्वल, डॉ. अमिता, डॉ. शुभाजीत, डॉ. नेहा के साथ में एनआईसीयू इंचार्ज अशोक, कुलदीप, मेहनाज, वर्षा, राशि, दीपक, लोकेश, शिव, रेखा, रीना व भंवर नर्सिंग स्टाफ की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

पिम्स में डॉ. राहुल खत्री (दायें से चौथे), पिम्स के चेयरमैन आशीष अग्रवाल (बीच में) की टीम ने समय पूर्व जन्मे बच्चों का उपचार किया।

नकबजनी करने वाले दो गिरफ्तार

उदयपुर, (कासं)। फतहनगर कस्बे मे स्थित मकान में नकबजनी कर सोने चांदी के जेवरात चोरी करने वाले दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया।

प्रकरण के अनुसार पीडित18 अगस्त 2022 को पीडिता सनवाड फतहनगर निवासी गोपाल पुत्र बंशीलाल ने पुलिस थाने मं प्रकरण दर्ज करवाया कि सनवाड बाजार में मेरी सोने चांदी के दुकान हैं। पास में मेरे भाई राकमरण पुत्र नारायणलाल की दुकान है। दोनों दुकानों को बंद कर जेवरात घर पर रखते है। 17 अगस्त को दुकान के सोने चांदी के जेवरात घर लाकर रख कर रात में सो गए थे। दूसरे दिन पड़ोसी ने पड़ोसी ने मकान की खिडकी टूटी होने की जानकारी दी। इस पर देखा तो ताला टूटा हुआ था। जेवरात गायब थे। इस मामले में प्रकरण दर्ज होने पर फतहनगर थानाधिकारी उदयसिंह मय टीम ने अनुसंधान में मिले साक्ष्यों के आधार पर आरोपी मुकेश कंजर पुत्र भुरालाल धागलियों का खेड़ा दुधीतलाई बिजयपुर चित्तोड़गढ तथा किशन कंजर पुत्र शंभूलाल कंजर को गिरफ्तार किया। जिनसे पूछताछ की जा रही है।

स्वच्छता कार्यशाला आयोजित

उदयपुर, (कासं)। स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के तहत राष्ट्रीय योजना स्वीकृति समिति के गैर सरकारी सदस्य तथा नगर परिषद डूंगरपुर के पूर्व सभापति के के गुप्ता के सानिध्य में संत टेरेसा स्कूल और विद्यानिकेतन विद्यालय, नेला तालाब सेक्टर 14, उदयपुर में स्वच्छता कार्यशाला आयोजित हुई।

कार्यशाला मे विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए गुप्ता ने कहा कि स्वच्छता ऐसा काम नहीं है, जो पैसे कमाने के लिये किया जाए बल्कि, ये एक अच्छी आदत है जिसे हमें अच्छे स्वास्थ्य और स्वस्थ जीवन के लिये अपनाना चाहिये। स्वच्छता पुण्य का काम है जिसे जीवन का स्तर बढ़ाने के लिये, एक बड़ी जिम्मेदारी के रुप में हर व्यक्ति को इसका अनुकरण करना चाहिये। हमें अपनी व्यक्तिगत स्वच्छता, पालतू जानवरों की स्वच्छता, पर्यावरण की स्वच्छता, अपने आस-पास की स्वच्छता, और कार्यस्थल की स्वच्छता आदि करनी चाहिये। हमें पेड़ों को नहीं काटना चाहिये और पर्यावरण को स्वच्छ बनाए रखने के लिये पेड़ लगाना चाहिये। ये कोई कठिन कार्य नहीं है, लेकिन हमें इसे शांतिपूर्ण तरीके से करना चाहिये। ये हमें मानसिक, शारीरिक, समाजिक और बौद्धिक रुप से स्वस्थ रखता है। सभी के साथ मिलकर उठाया गया कदम एक बड़े कदम के रुप में परिवर्तित हो सकता है। जब एक छोटा बच्चा सफलतापूर्वक चलना, बोलना, दौडना सीख सकता है और यदि अभिभावकों द्वारा इसे बढ़ावा दिया जाए, तो वो बहुत आसानी से स्वच्छता संबंधी आदतों को बचपन में ठाहण कराया जा सकता है। स्वच्छता हमें मानसिक, शारीरिक, सामाजिक और बौद्धिक हर तरीके से स्वस्थ बनाता है। सामान्यत: हमने हमेशा अपने घर में ये ध्यान दिया होगा कि हमारी दादी और माँ पूजा से पहले स्वच्छता को लेकर बहुत सख्त होती हैं, तब हमें यह व्यवहार कुछ अलग नहीं लगता, क्यों कि वो बस साफ-सफाई को हमारी आदत बनाना चाहती हैं। लेकिन वो गलत तरीका अपनाती हैं, क्योंकि वो स्वच्छता के उद्देश्य और फायदे को नहीं बताती हैं, इसी वजह से हमें स्वच्छता का अनुसरण करने में समस्या आती है। हर अभिवावक को तार्किक रुप से स्वच्छता के उद्देश्य, फायदे और जरुरत आदि के बारे में अपने बच्चों से बात करनी चाहिये। उन्हे जरुर बताना चाहिये कि स्वच्छता हमारे जीवन में खाने और पानी की तरह पहली प्राथमिकता है।

गुप्ता ने कहा कि हमें हमारे स्थानीय स्तर के छोटे-छोटे स्थानों को भी पवित्र बनाना होगा। गंदगी से बीमारियां फैलती है। मानसिक रूप से अशांति मिलती है। जो बीमारियां गंदगी से फैलती है उस में मुख्य रूप से डेंगू, बुखार, उल्टी, दस्त, टाइफाइड, मलेरिया जैसी गंभीर बीमारियों से बचने के लिए हमें स्वच्छता अपनानी होगी। हमारा देश जो विश्व गुरु बनने जा रहा है उसमें हमारे सभी का किसी न किसी रूप में सहयोग होना चाहिए। यह जो धरती है यह हमारी मां है, इस मां को गंदा करने का अधिकार किसी को नहीं है। अगर कोई इस धरती मां पर कचरा डालकर उसे गंदा करता है धरती मां उसे कभी माफ नहीं करेगी।

सार-समाचार

नंदीजी की मूर्ति तोड़ी, बदमाश दबोचा

भीण्डर, (निसं)। भीण्डर के यादव मोहल्ले में स्थित यादेश्वर महादेव मंदिर में शुक्रवार रात 7.30 बजे अज्ञात बदमाश ने नंदी जी की मूर्ति को खण्डित कर दिया। घटना की जानकारी मिलने पर यादव समाज के सैकडों समाजजन भीण्डर पुलिस थाने पहुंच करके घटना की जानकारी दी। जिस पर भीण्डर पुलिस टीम ने तत्परता दिखाते हुए मन्दिर में मूर्ति तोडने वाले बदमाश को दबोच लिया। बदमाश की पहचान यादव समाज के ही बंटी यादव के रूप में हुई। पुलिस की तत्परता से भीण्डर नगर में शांति सौहार्द बनी रही और सभी ने पुलिस की जमकर तारिफ की। थानाधिकारी मुकेश चन्द्र ने बताया कि भीण्डर यादव मोहल्ला स्थित यादेश्वर महादेव मन्दिर में शुक्रवार शाम 7.30 बजे अज्ञात व्यक्ति ने नन्दी जी की मुर्ति को धार्मिक भावनाओं को आहत करने के लिए खण्डित कर दिया। सूचना पर त्वरित कार्यवाही करते हुए आरोपी भीण्डर निवासी बन्टी यादव पिता स्व. प्रकाश चन्द यादव (27) को डीटेन कर गिरफ्तार किया। पुलिस पुछताछ में बताया कि अभियुक्त बन्टी यादव अपने समाज के लोगों से नाराज होकर व भगवान भी मेरी नहीं सुनते है इस कारण आवेश में आकर यादेश्वर महादेव मन्दिर में स्थित नन्दीजी की मुर्ति को पत्थर से तोड दिया। पुलिस टीम में विशेष भूमिका हेड कॉस्टेबल अनिल कुमार जाट, कॉस्टेबल प्रद्युमन सिंह के साथ सहायक उपनिरीक्षक प्रेमशंकर, कॉस्टेबल राजेश कुमार, मानसिंह, राजपाल आदि ने जिम्मेदारी निभाई और तुरन्त कार्यवाही करके नगर की शांति व्यवस्था बनाई रखी।

सांवलिया सेठ को छप्पन भोग धराया

मंडफिया, (निसं)। भगवान श्री सांवलिया जी सेठ मंडफिया के दरबार में छप्पन भोग धराया गया। जानकारी के अनुसार डूंगला तहसील के गांव सारंगपुरा निवासी भेरू लाल गुर्जर एवं हजारीलाल गुर्जर की ओर से भगवान सांवलिया जी सेठ के विभिन्न प्रकार की मिठाइयां, सूखे मेवे एवं विभिन्न प्रकार के फलों का छप्पन भोग धराया गया। मंदिर पुजारी ने सभी को तुलसी एवं चरणामृत प्रदान किया। इससे पूर्व डीजे बाजे के साथ छप्पन भोग का जुलूस निकालकर सभी भक्तजन मंदिर पहुंचे। छप्पन भोग कार्यक्रम पश्चात भक्त भेरू लाल गुर्जर एवं हजारीलाल गुर्जर की ओर से मंडफिया में स्थित होटल उदय पैलेस में महा प्रसादी का आयोजन किया गया। जिसमें श्री सांवलिया जी मंदिर बोर्ड अध्यक्ष भेरू लाल गुर्जर, बंसी लाल गुर्जर, रामलाल गुर्जर, शंकर लाल गुर्जर नाल्या खेड़ा, लक्ष्मी लाल गुर्जर नाल्या खेड़ा, मंदिर बोर्ड सदस्य भेरूलाल सोनी, कांठोस युवा नेता सुरेश चंद्र गुर्जर, उदय लाल जाट, रामेश्वर लाल खंडेलवाल, पुरुषोत्तम नागदा, गोपाल गुर्जर, देवीलाल गुर्जर, मांगीलाल गुर्जर, हीरालाल गुर्जर, देवीलाल गाडरी, राकेश अठावाल सहित आसपास के 52 गांवों से आए लगभग 4 हजार लोगों ने प्रेम पूर्वक बैठकर भोजन ठाहण किया।

डोडा चूरा तस्करी करने वाला दबोचा

उदयपुर, (कासं)। अवैध डोडा चुरा तस्करी मामले में फरार आरोपी को बैकरिया थाना पुलिस ने गिरफ्तार किया। प्रकरण के अनुवसार 24 जनवरी 2023 को बैकरिया थानाधिकारी मुकेश कुमार मय टीम ने नाकाबंदी के दौरान को को रूकने का इशारा किया। इस पर चालक नाकाबंदी तोड़ कर फरार हो गया। जिसका पिछा करने पर चालक क्यारी गांव रोड़ किनारे कार छोड़ कर फरार हो गया । कार की तलाशी ली तो उसमें तीन कट्टों में 69 किलों अवैध डोडा चुरा मिलने पर प्रकरण दर्ज किया था। इस मामले में थानाधिकारी मुकेश कुमार ने अनुसंधान में मिले साक्ष्यों के आधार पर राजु उर्फ राजाराम सियोज पुत्र फूसाराम निवासी सियोल नगर चाडी थाना भोजसार जोधपुर को पूछताछ के बाद गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कर रिमाण्ड पर लिया है। जिससे पूछताछ की जा रही है।

पीड़िता ने लगाई मदद की गुहार

देवगढ़, (निसं)। देवगढ़ थाना क्षेत्र के झुंतरा गांव निवासी बदामी देवी पत्नी प्रेम सिंह रावत ने जिला पुलिस अधीक्षक राजसमंद को प्रार्थना पत्र लिखकर बताया कि दिनांक 2 फरवरी को 9 बजे एक फाइनेंस कंपनी जो पिरामिड फिनसर्व प्राइवेट लिमिटेड जयपुर का एक व्यक्ति मेरे घर में अनाधिकृत रूप से प्रवेश किया और उसने कहा किस्त जमा कराओ । जब महिला किस्त लेने के लिए घर से बाहर जाने लगी तो उसे बाहर निकलने से मना कर दिया बड़ी मुश्किल से वह बाहर निकली और किस्त लेने के लिए पड़ोस में गई तो उसकी अनुपस्थिति में घर का दरवाजा बंद करके ताला लगा दिया और कहा कि ताला तोड़ना मत और खोलना मत वरना केस कर दूगा और ताला लगा कर चला गया और आज से 1 माह पहले भी उक्त व्यक्ति द्वारा मेरे घर में घुसकर मेरी गैस की टंकी बेईमानी पूर्वक चुरा कर ले गया।

छेड़छाड़ का मामला

उदयपुर, (कासं)। छेडछाड़ करने के मामले में पुलिस ने आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार पीडिता ने कालेज ऑफ वेटनरी एण्ड एनिमल साईन्स के डॉक्टर राजीव के खिलाफ पीडिता ने प्रकरण दर्ज करवाया।

आम सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि राज्य स्तरीय पर्यावरण प्रभाव आंकलन मूल्यांकन प्राधिकरण, राजस्थान के पत्र क्रमांक - F1/(4)SEIAA/SEAC-Raj/Sect/Project/Cat.1(a) B2 (21769)/2022-23 जयपुर दिनांक 20/01/2023 के अनुसार श्री गोपाल लाल कुमावत पुत्र श्री वरदी चन्द कुमावत पता-अवलेश्वर, तहसील व जिला प्रतापगढ़ (राज.) के पक्ष में निकट ग्राम- मोखमपुरा, तहसील व जिला- प्रतापगढ़ (राज.) स्थित मेसोनरी स्टोन एम.एल.नं. 4/2021, रेफरेन्सन. 20211000047504 खसरा नं. 126/498, 122 कि उत्पादन क्षमता 80767.50 TPR (ROM) क्षेत्रफल 1.1217 हैक्टर में खनन हेतु पर्यावरण स्वीकृति जारी की गई है। पर्यावरण स्वीकृति की प्रति SEIAA, Jaipur राजस्थान तथा प्रदूषण नियंत्रण मण्डल कार्यालय में जनसाधारण के लिये उपलब्ध है एवं बोर्ड की वेबसाईट www.rspcb.nic.in पर देखी जा सकती है।

गोपाल लाल कुमावत

डेरा सच्चा सौदा के श्रद्धालुओं ने साफ-सफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया

भीम, (निसं)। ।कस्बे में शनिवार को डेरा सच्चा सौदा के करीब 900सौ श्रद्धालुओं ने भीम सीआई संगीता बंजारा के सानिध्य में संपूर्ण कस्बे की साफ-सफाई कर स्वच्छता का संदेश प्रसारित किया।

राजस्थान प्रदेश की साध संगत ने करीब पांच साल बाद परम पिता शाह सतनाम जी महाराज का एमएसजी रहमोकर्म माह का शुभ भंडारा पूज्य गुरु संत डॉ. गुरमीत राम रहीम सिंह जी इन्सां के साथ मनाने की खुशी में मरु भूमि राजस्थान को स्वच्छता की सौगात दी। इस खुशी में राजस्थान प्रदेश की साध संगत ने पूरे राज्य में एक साथ सफाई अभियान चलाकर राज्य को निखारा। इस सफाई महा अभियान की शुरुआत साध संगत के आठाह पर पूज्य गुरु संत डॉ. गुरमीत राम रहीम सिंह जी इन्सां ने यूपी के शाह सतनाम जी आश्रम बरनावा से ऑनलाइन स्वयं झाड़ू लगाकर किया। भीम मे स्थानीय थाना अधिकारी संगीता बंजारा ने सेवादारो के साथ झाड़ू लगाकर सफ़ाई की शुरुआत की और डेरा सच्चा सौदा के इस अभियान की सराहना की। उन्होंने भीम कस्बेवासियों को अपील की कि इस मुहिम से प्रेरणा लेकर सफ़ाई रखने की आदत डाले ताकि बीमारियो से बचा जा सके।एक साथ पूरे राजस्थान के हर गांव, शहर, कस्बे और संभाग में डेरा अनुयायी सफाई कार्य में जुट गए। सफाई अभियान को लेकर प्रदेश के डेरा श्रद्धालुओं में खासा उत्साह देखने को मिला और सेवादारों ने देखते ही देखते गांव शहरों को चमका दिया। साध संगत सफाई करने के औजार जैसे झाड़ू, कस्सी, तसला, पल्ली, आरी, कुल्हाड़ी आदि अपने साथ लेकर आई। इतना ही नही साध-संगत अपने लिए लंगर-भोजन भी साथ लेकर पहुंची। सेवादारों ने पूरी तन्मयता के साथ सफाई की और शहर में वर्षो से लगे कूड़े कर्कट के ढेरों को साफ कर दिया। इसके अलावा बड़े बड़े गटर, नालियों, सीवरेज में उतरकर व सार्वजनिक तथा सामुदायिक शौचालयों की सफाई कर उन्हें नीट एंड क्लीन किया। सेवादारों को सफाई करते देख हर शहरवासी दंग रह गए और सेवादारों की सेवा भावना के कायल हो गए और साध संगत को भगवान का दूत बताया। सेवादारों ने सफाई के साथ-साथ लोगों को भविष्य में अपना शहर साफ सुथरा रखने के लिए जागरूक करते हुए फार्म भी भरवाए।गौरतलब है कि 28 फरवरी 1960 को डेरा सच्चा सौदा के संस्थापक बेपरवाह साईं शाह मस्ताना जी महाराज ने परम पिता शाह सतनाम जी महाराज को डेरा सच्चा सौदा की दूसरी पातशाही के रूप में विराजमान किया था।

■ सेवादारों की सेवा भावना का हर शहरवासी हुआ कायल

थाना अधिकारी संगीता बंजारा (बीच में) ने सेवादारों के साथ झाड़ू लगाकर सफ़ाई की शुरुआत की।

नरकंकाल मिलने से सनसनी

उदयपुर, (कासं)। उदयपुर के जावरमाइंस थाना इलाके में स्थित केवड़े की नाल में शुक्रवार देर शाम एक नर कंकाल मिलने के बाद क्षेत्र सनसनी फ़ैल गई । सूचना मिलने पर स्थानीय थाना पुलिस मौके पर पहुंची और कंकाल को मुर्दाघर में शिफ्ट करवाया। डिप्टी एसपी जावर माइंस राजेंद्र सिंह जैन ने बताया कि प्रथम दृष्ट्या मौजूदा हालात को देखते हुए प्रतीत होता है कि किसी व्यक्ति ने अपने मफलर का इस्तेमाल करते हुए पेड़ से लटककर अपनी जान दी होगी।

Regd.No 617-y 18-2-59 GST. No 08AATU3204AIZ3

उदयपुर क्रय विक्रय सहकारी समिति लि. उदयपुर

सी-क्लास केन्द्रीय विद्यालय रोड प्रतापनगर, उदयपुर

UKVSSUDAIPUR@GMAIL.COM फोन/फेक्स 0294-2490126

क्रमांक :- 292 दिनांक : 04.02.2023

शुद्धि पत्र

दिनांक 24/01/023 को मिड-डे-मील योजनान्तर्गत निविदा आमंत्रित की गई जिसमें वित्तीय वर्ष 2023-24 पढा जावें गलती से 2019-20 हो गया है।

मुख्य व्यवस्थापक
उदयपुर क्रय विक्रय सहकारी समिति लि. उदयपुर

झाडोल क्रय विक्रय सहकारी समिति झाडोल लि.

झाडोल उदयपुर (राज) 313702 email-jkvssjh07@gmial.com

क्रमांक :- 32 दिनांक : 04.02.2023

शुद्धि पत्र

दिनांक 24/01/023 को मिड-डे-मील योजनान्तर्गत निविदा आमंत्रित की गई जिसमें वित्तीय वर्ष 2023-24 पढा जावें गलती से 2019-20 हो गया है।

मुख्य व्यवस्थापक
झाडोल क्रय विक्रय सहकारी समिति लि झाडोल

fincare Small Finance Bank

शाखा के पते में परिवर्तन के लिए सार्वजनिक सूचना

सामान्य जन तथा फिनकेयर स्माल फायनेन्स बैंक लिमिटेड के ग्राहकों को यह जानकारी दी जाती है कि निम्न शाखाओं के पते में परिवर्तन होगा। शाखा में वर्तमान में चल रहे सभी अकाउन्ट्स/ट्रांजेक्शन वहीं रहेंगे। स्थान के नये पते तथा पुराने पते का विवरण, परिवर्तन के प्रभावी दिन के साथ, नोटिस में एनेक्चर-ए के रूप में संलग्न है। ग्राहकों से अनुरोध है कि अपने टांसजेक्शन के लिये शाखा प्रबन्धक से संपर्क करें/नये पते पर जाये।
और जानकारी के लिये कृपया हमारे पास आयें या निम्न ब्रांच के शाखा प्रबन्धक से संपर्क करें। शाखा प्रबन्धक का संपर्क नम्बर इस सूचना के साथ संलग्न एनेक्चर-ए में उपलब्ध है। फिनकेयर स्माल फायनेन्स बैंक लिमिटेड।

"एनेक्सर-ए"

क्र. सं.	शाखा	राज्य	पते में परिवर्तन की प्रभावी तारीख	पुराना पता	नया पता	सम्पर्क नंबर
1	सलुम्बर-10391	आरजे	4 मार्च 2023	फिनकेयर स्माल फायनेन्स बैंक लि., ग्राउन्ड फ्लोर, आशीर्वाद गार्डन के पास, शान्तीनाथ कॉलोनी, सलुम्बर, जिला-उदयपुर, राजस्थान-313027	फिनकेयर स्माल फायनेन्स बैंक लि., पहली मंजि